# इच्छा होती है कि चीलर बांध पर सबके साथ भोजन का आनंद लूं

## मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने विधायक के साथ गए हजारों कार्यकर्ता

**शाजापुर, 21 दिसंबर. शाजापुर ने कई प्रचारक दिए, कई बड़े नेता दिए, शाजापुर का विकास मेरा संकल्प है, शाजापुर को बढ़ता देख मुझे खुशी होती है, आज भी इच्छा होती है कि पहले की तरह शाजापुर के चीलर बांध पर सबके बीच बैठकर खेतों में दाल-बाटी बनाएं और आनंद के साथ खाएं. शाजापुर में जब भी आता हूं, तो ऐसा लगता है कि मैं अपने घर आ गया हूं.**





यह बात मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन में शाजापुर को शामिल करने पर विधायक अरुण भीमावद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता, उद्योगपति और अन्य समाज के लोगों के समक्ष आभार व्यक्त करने के दौरान कही. यादव ने कहा कि शाजापुर को उज्जैन का जुड़वां भाई कहा जाता है. जब भी उज्जैन-देवास का विकास होगा, तो शाजापुर अछूता नहीं रहेगा. मोहन यादव ने विद्यार्थी परिषद के दौरान शाजापुर में अपने स्मरण को याद करते हुए कहा कि आज भी चीलर बांध पर दाल-बाटी बनाकर सामूहिक भोजन करने की इच्छा है. शाजापुर शहर की गलियों में घूमना पुराने लोगों के बीच मेल मुलाकात करना मेरे लिए शाजापुर की याद हमेशा जहन में रहेगी. शाजापुर से उनका रिश्ता काफी करीब का है. मेरी राजनीति में शाजापुर का भी योगदान हमेशा रहेगा. इस अवसर पर शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने कहा कि इंदौर मेट्रोपोलिटन रीजन में शाजापुर को शामिल कर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शाजापुर को नए विकास पथ पर खड़ा कर दिया है. भीमावद ने कहा कि आज शाजापुर में तेजी से विकास हो रहे हैं. उसके लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार प्रकट करने जिले के भाजपा कार्यकर्ता, समाज के प्रमुख, उद्योगपति, उद्योग क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधि सहित शाजापुर विधानसभा के कई धार्मिक, सामाजिक लोग भी इस विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए मोहन यादव का आभार व्यक्त करने आए. इस अवसर पर मंच पर विधायक अरुण भीमावद, कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश तिवारी मौजूद थे. साथ ही कार्यक्रम में नगर भाजपा अध्यक्ष आशीष नागर, महेश भावसार, तुलसीराम भावसार, उमेश टेलर, महेश परमार, संतोष भावसार, किरण ठाकुर, शीतल भावसार, मनोहर विश्वकर्मा, जितेंद्र मीणा, शाजापुर विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष, नगर पालिका शाजापुर के पार्षदगण, लघु उद्योग भारती के पदाधिकारीगण आदि मौजूद थे.



### शाजापुर की पुरानी स्मृतियों को डॉ. मोहन यादव ने किया याद...

आभार व्यक्त करने गए अरुण भीमावद के साथ हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि शाजापुर की पुरानी स्मृतियां आज भी मेरे जेहन में हैं. शाजापुर से उनका लगाव हमेशा से रहा है. विद्यार्थी परिषद कार्यकाल से उनका शाजापुर से जो नाता जुड़ा, वो आज तक जीवित है. शाजापुर के विकास के लिए विधायक अरुणभीमावद जो भी विषय रखेंगे, उसको हर हाल में पूरा किया जाएगा. मोहन यादव ने कहा कि शाजापुर ने संगठन में कई बड़े पदाधिकारी दिए. मैं कई चुनाव का प्रभारी बनकर भी शाजापुर आया. यहां के कार्यकर्ता काफी सक्रिय और पार्टी के प्रति समर्पित हैं.

## एक नजर में

### प्रदेश की टीम में मुस्कान व महिमा का चयन



**शुजालपुर, 21 दिसंबर.** मां शारदा सांदीपनि विद्यालय शुजालपुर की बालिकाओं मुस्कान यादव ओर महिमा परमार का कबड्डी अंडर 17 मध्यप्रदेश की टीम में चयन हुआ. जिनका सम्मान उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, संस्था प्राचार्य रजनीश त्रिवेदी, उप प्राचार्य मुकेश नेमा, ब्लॉक खेल अधिकारी लोकेन्द्र सिंह तोमर, गोपाल कारपेंटर, खेल प्रशिक्षक आनंद परमार ओर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की. दोनों खिलाड़ी 69 वी राष्ट्रीय नेशनल कबड्डी 17 वर्ष बालिका प्रतियोगिता जो कि 24 से 28 दिसंबर तक कोकामथान महाराष्ट्र में आयोजित होने जा रही है में शामिल होगी.

### विद्यार्थी विज्ञान मंथन ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**शुजालपुर, 21 दिसंबर.** स्कॉलर्स अकादमी शुजालपुर के विद्यार्थियों ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है. विद्यालय के कुल 14 विद्यार्थियों का चयन विद्यार्थी विज्ञान मंथन ओलंपियाड के चरण 1 में हुआ. इनमें से कक्षा 6 की आरिशा राठी एवं आद्या सोनी ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चरण 2 में चयन प्राप्त कर राज्य स्तरीय विज्ञान शिविर इन्दौर के लिए अपनी पात्रता सिद्ध की है. यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, वैज्ञानिक रुचि एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है. विद्यालय प्रबंधन शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सभी चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

### आंतरिक शांति और मन के संतुलन के लिए किया ध्यान



**शुजालपुर, 21 दिसंबर.** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश के सभी पुलिस थानों पर पुलिस के आंतरिक शांति और मन के संतुलन के लिए हार्टफुल ध्यान का आयोजन किया गया. इसी कडी में शुजालपुर सिटी व मंडी के थानों पर भी पुलिस अधिकारियों व जवानों को ध्यान कराया गया, जिसमें थाने में पदस्त अधिकारियों व जवानों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए ध्यान किया. इस दौरान वालींटियर मनीष झा, माया यादव एवं दीपाली ने ध्यान एवं रिलेक्सेशन करवाया. इसी प्रकार मंडी थाने पर हार्टफुलनेस के वालींटियर दिलीप डोर, मीना डोर एवं कैलाश शर्मा ने ध्यान एवं रिलेक्सेशन करवाया. सिटी थाने पर 24 तथा मंडी थाने पर 35 पुलिस जवानों व कर्मचारियों ने ध्यान क्रिया में भाग लिया. साथ ही इसे अपनी दिनचर्या में आगे भी करने की बात कही.

### ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमरसिंह गुर्जर का हुआ स्वागत




**मोहन बड़ोदिया, 21 दिसंबर.** रविवार को नव नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमरसिंह बकानी का स्वागत अमित गुप्ता मित्र मंडल द्वारा एवं समस्त बड़ोदिया ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित किया गया. जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजकुमार कराड़ा, विधानसभा प्रभारी देवकरण गुर्जर, जनपद अध्यक्ष मोतीसिंह कराड़ा, जनपद अध्यक्ष शरद शिवहरे, उपाध्यक्ष गोविंद नागर, जिला पंचायत सदस्य लोकेंद्र सिंह, जनपद सदस्य सीताराम, गंगाराम कराड़ा उपस्थिति हुए. कार्यक्रम का लियाकत भाई ने आभार व्यक्त किया एवं संचालन पुरुषोत्तम वर्मा ने किया.

### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम हुआ

**शुजालपुर, 21 दिसंबर.** सरस्वती शिशु मंदिर जामनेर में सप्तशक्ती संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें मुख्य वक्ता कथा वाचक कविता दीदी राजगुरु, विशेष अतिथि नायब तहसीलदार शिल्पा सिंह अरनिया कला, अध्यक्षता पूर्व दीदी सुगन धाकड़, अतिथि ज्योति भारती, संयोजिका बृजलता धाकड़ रही. अतिथियों का स्वागत छाया प्रजापति एवं सोनिया मालवीय ने किया. पूर्व छात्र जिन्होंने कक्षा 10वी एवं 12वीं में सर्वाधिक प्रतिशत बनाए उनका भी सम्मान किया. कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी में छाया प्रजापति ने शास्त्र संबंधित पांच प्रश्न पूछे गए, उन प्रश्नों का उत्तर देने वाली पांच महिलाओं को पुरूस्कृत किया गया. अनुभव कथन मे ज्योति धाकड़ ने अपने अनुभव सुनाए व आभार सोनिया मालवीय ने माना.

# एक-दूसरे की चमक से हैरान-परेशान क्यों हैं नेता...?

**बात शाजापुर की**
**मनोज पुरोहित**

***एक सांप जुगनू को मारना चाहता था. तो जुगनू ने सांप से पूछा कि मैंने तुम्हारा क्या बिगाड़ा. मैंने कभी तुम्हें नुकसान पहुंचाया, कभी तुम्हारे काम में दखल दिया, मेरी तुम से कोई लड़ाई भी नहीं है. तो सांप ने जुगनू से कहा कि ये बात सही है कि तुमने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया, तुम से मेरी कोई लड़ाई भी नहीं है, तुम ने मेरे काम में कोई दखल भी नहीं दिया, तो जुगनू ने सांप से पूछा कि आखिर तुम मुझे मारना क्यों चाहते हो, तो सांप ने कहा कि मुझे तुम्हारी चमक पसंद नहीं है...*** कुछ ऐसा ही हाल इन दिनों राजनीति में भी देखने को मिल रहा है. भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों ही दलों में नेता एक-दूसरे की चमक के कारण एक-दूसरे से हैरान-परेशान हैं. यही कारण है कि समय-समय पर नेताओं की आपसी चमक एक-दूसरे को असंतुष्ट और जलकुक्कड़ बना रही है. कांग्रेस में इन दिनों ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की घोषणा के बाद घमासान है, तो भाजपा में कबीला संस्कृति के कारण गुटों में बटे नेता एक-दूसरे की चमक के कारण परेशान हैं. राजनीति में असंतुष्ट और जलकुक्कड़ों का अपना एक सिंडीकेट है, जो किसी भी नेता को चमकता देख अपने आप कुड़कने लग जाता है. उनका यह कुड़कना दूसरे नेताओं के लिए टिनोपाल का काम कर रही है, जिससे दूसरे नेता की चमक अपने आप बढ़ रही है. शाजापुर की राजनीति में असंतुष्ट और दूसरे की चमक से हैरान-परेशान होने का इतिहास नया नहीं है. तीन दशकों से भाजपा और कांग्रेस में चमक से जलन की राजनीति जारी है. कोई भी नेता यदि जरा भी राजनीति में चमकता है, तो दूसरे नेताओं की आंख उसकी चमक से चकाचौंध हो जाती है. असंतुष्ट और जलकुक्कड़ों का यह सिंडीकेट केवल चमकते नेताओं की चुगली और कमियों पर बात कर पूरा दिन निकाल देते हैं. ये सिंडीकेट दोनों दलों में है. हालांकि इनका जनाधार भी सिर्फ सिंडीकेट के मेम्बर तक सीमित है. न ये किसी को चुनाव में जीता सकते हैं और न ही हरा सकते हैं, लेकिन राई का पहाड़ बनाकर और सांप को रस्सी बताने में महारथ हासिल है, इसलिए इनके सिंडीकेट की दुकानें सजी हुई हैं.

#### वन विभाग की टीम में एक हरिराम

अवैध लकड़ी की धरपकड़ के लिए वन विभाग ने पांच सदस्यीय टीम बनाई है, लेकिन इस टीम में एक हरिराम शामिल हो गया है, जो पगार तो सरकार से लेता है, लेकिन बख्शीश के लिए दबिश डालने से पहले ही लकड़ी माफियाओं को सूचना देकर हरिराम का फर्ज अदा कर रहा है. अब देखना यह है कि ये हरिराम लकड़ी माफियाओं को कितनी राहत पहुंचा पाता है और वन विभाग को कितना नुकसान.

#### मुस्लिम की राजनीति में समधी की जोड़ी

कांग्रेस की मुस्लिम राजनीति में यूं तो कई नेता हैं, लेकिन हर कांग्रेसी नेता समधी की जोड़ी के इर्द-गिर्द ही रहता है. कांग्रेस के समधी की जोड़ी कुछ दिन पहले इरशाद को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाने के पक्ष में थी, लेकिन अब ये शकील के लिए जगह-जगह कह रहे हैं इरशाद-इरशाद. सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक क्षेत्र में समधी की जोड़ी हमेशा चर्चा में रहती है.

#### अंत में...

अंदाजा लगाना छोड़ दो हमारे बारे में, तुम सिर्फ उतना जानते हो, जितना हमने बता रखा है...

# जेंडर आधारित हिंसा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम की जानकारी दी गई

**शाजापुर, 21 दिसंबर. हब फॉर एम्पॉवरमेंट ऑफ वुमन योजना अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा विषय पर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग शासकीय पीएम श्री उमावि चोमा प्राचार्य आत्माराम गुर्जर के सहयोग से जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में सहायक संचालक सुश्री नीलम चौहान द्वारा बच्चो को जेंडर न्यूट्रल कानून किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी निर्देश के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं वर्तमान में बच्चों के हो रहे अपराधों के बारे में बताते हुए बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड की कार्य प्रणाली की जानकारी दी. बच्चों को मोबाईल के सदुपयोग और दुरूपयोग बताए. इस अवसर पर सुश्री चौहान द्वारा विद्यालय स्टाफमें उपस्थित महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल में महिलाओ का लेंगिक उत्पीड़न अधिनियम की जानकारी दी गई एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर पर घरेलु हिंसा से पीड़ित महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी गई.

### घर में पकाएंगे, घर का खाएंगे...

प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती किरण परमार ने बच्चों को जिले द्वारा किए जा रहे नवाचार घर में पकाएंगे. घर का खाएंगे की जानकारी देते हुए किशोरी बालिकाओं को अपने खानपान में विशेष ध्यान रखना चाहिए. साथ ही आयरन युक्त खाद्य पदार्थों पालक, चुकंदर, हरी सब्जियां व कैल्शियम की पूर्ति के लिए दूध व दूध से बने व्यंजन का उपयोग दैनिक जीवन में नियमित करना चाहिए. साथ ही घर के बने खाद्य पदार्थ एवं प्राकृतिक रूप से प्राप्त फलों का सेवन नियमित करना चाहिए. बालिकाएं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें, प्रतिदिन योग करें एवं अपनी शिक्षा के साथ स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें.

### बाल विवाह मुक्त शाजापुर अभियान...

चाइल्ड लाइन से देवेन्द्र गोठी द्वारा बच्चों को उनके बाल अधिकार जन्म लेने का अधिकार, विकास का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार एवं सहभागिता का अधिकार पर विस्तृत जानकारी दी गई एवं चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की जानकारी दी गई और बताया गया कि सूचना देने वाले का नाम नंबर गोपनीय रखा जाता है. साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बाल विवाह मुक्त शाजापुर अभियान की जानकारी दी गई. इस दौरान बालिकाओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं घर में पकाएंगे-घर का खाएंगे पर रंगोली बनाई गई व बाल विवाह, पोषण अभियान पर सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत की गई. सुश्री चौहान बालकों को पुरस्कार वितरित किए गए. पर्यवेक्षक श्रीमती आशा जांगड़े द्वारा उपस्थित जनों को बाल विवाह रोकथाम अभियान अंतर्गत शपथ दिलवाई गई. कार्यक्रम में बच्चे, स्कूल स्टाफ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे. संचालन राकेश सक्सेना ने किया. आभार किशोर सिंह मालवीय ने माना.

# 15 दिन में दूसरी बार फूटी पाइप लाइन



**शुजालपुर, 21 दिसंबर. सिटी मंडी फोरलेन मार्ग पर चल रहे नाला निर्माण के कारण जल प्रदाय की पाइप लाइन बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही है, जिसके कारण दो वार्डो के हजारों नागरिक पानी के लिए परेशान हो रहे है, विगत एक पखवाडे में यह दूसरी बार स्थिति निर्मित हुई है.**

इस माह के दूसरे सप्ताह में पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से रहवासियों को पांच दिनों तक नलों से पानी नहीं पाया था. इसके बाद एक बार फिर पाइप लाइन गांधी कॉलोनी के समीप नाला खुदाई के कारण टूट गई, जिससे जल प्रदाय बाधित हो गया. वैसे ही नागरिकों को दो दिनों के बाद तीसरे दिन नलों से पानी मिलता है. मंडी क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को जल प्रदाय हुआ था, उसके बाद से इन क्षेत्र में अभी तक पानी नहीं पहुंच पाया है. लगातार 6-7 दिनों से पानी नहीं मिलने के कारण रहवासी पानी खरीदने या परिवहन करने को मजबूर है. नपाकर्मियों ने बताया कि पाइप लाइन को जोडने का कार्य किया जा रहा है, एक दो दिनों में जल प्रदाय की स्थिति बन सकती है.

**एक नजर में** — मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत विश्व ध्यान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# ध्यान से मन को शांति और कार्य करने की शक्ति मिलती है : नागर



**मोहन बड़ोदिया, 21 दिसंबर. मोहन बड़ोदिया में रविवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम (सीएमसीएलडीपी) के अंतर्गत विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर उपस्थित रहे. विशिष्ट अतिथियों में खेल एवं योग विभाग से दीपक कुमार शर्मा, बीकेएसएन कॉलेज शाजापुर के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने एवं नवभारत के पत्रकार संजय राठौर मंचासीन रहे. जिला समन्वयक विष्णु प्रसाद नागर ने बताया कि ध्यान किस प्रकार किया जाए, जिससे अधिकतम लाभ प्राप्त हो. उन्होंने ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ध्यान से मन को शांति, कार्य करने की शक्ति तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है. इस अवसर पर उन्होंने हार्टफुलनेस के प्रमुख कमलेश्वर पटेल (दाजी) का उल्लेख करते हुए शांतिवन, हैदराबाद की चर्चा की. बीकेएसएन कॉलेज के रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने कहा कि जैसी दृष्टि, वैसी सृष्टि, इसलिए ब्रह्म मुहूर्त में उठकर ध्यान करना आवश्यक है. उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र को विद्यार्थियों के समक्ष रखते हुए ध्यान की एकाग्रता पर बल दिया तथा आने वाली पीढ़ी को ध्यान की ओर आकर्षित करने की आवश्यकता बताई. नवभारत के पत्रकार संजय राठौर ने कहा कि ध्यान को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है तथा इस आयोजन के लिए विभाग का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थी, परामर्शदाता जितेंद्र राजपूत, श्रीमती सोना राजपूत, नवांकुर संस्था से कृपाल सिंह राजपूत उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान सभी सहभागियों को सामूहिक रूप से ध्यान कराया गया. कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता महेश सिसोदिया ने किया. आभार परामर्शदाता श्रीमती कामिनी शर्मा ने माना.



### ध्यान की उपयोगिता-आवश्यकता पर बल दिया



विश्व ध्यान दिवस के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में हार्टफुलनेस संस्था और पुलिस प्रशासन के इस विशेष ध्यान अभियान में विशेष सहयोगी के रूप में मेंटर्स कामिनी शर्मा, एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं के साथ सफल सहभागिता के साथ ध्यान के अलौकिक आनंद का अनुभव किया. साथ ही आज की इस भागदौड़ और डिप्रेशन वाली जिंदगी में ध्यान कितना महत्वपूर्ण है, इसकी उपयोगिता और आवश्यकता पर बल दिया. जन अभियान परिषद् निरंतर योग और ध्यान की गतिविधियां करा रहा है. वहीं सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राओं और मेंटर्स के माध्यम से अपने-अपने प्रयोगशाला गांव में लोगों को तनाव से मुक्त करने और आत्म संतोष दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं. उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी भीम सिंह पटेल और मोहन बड़ोदिया थाने का स्टाफ, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने विश्व ध्यान दिवस पर ध्यान किया और आत्मसंतोष के अपने अनुभव को कार्यक्रम पश्चात अभिव्यक्त भी किया.